# हरियाणा विधान सभा

(29 अगस्त, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)

## तारांकित प्रश्न

## 29th अगस्त, 2023

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की मूलभूत सुविधाएं

*41 **श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या पानीपत में एच.एस.वी.पी. की मूलभूत सुविधाएं जैसे स्टॉर्म वाटर, जलापूर्ति, सफाई, सीवरेज विभिन्न विभागों के अंतर्गत हैं ;

(ख) क्या उक्त सुविधाएं सुचारू रूप से चल रही हैं; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) सफाई व अन्य कार्यों के निष्पादन के लिए पानीपत में एच.एस.वी.पी. के उपलब्ध संसाधन क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सुविधाएं किसी एक विभाग को स्थानांतरित की जा सकती हैं; तथा

(ङ) यदि हां, तो उक्त सुविधाओं को कब तक एक विभाग को स्थानांतरित किए जाने की संभावना है?

----

### बिजली चोरी के मामलों का ब्यौरा

*42 **चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) जिला नूंह में 1 अप्रैल, 2019 से आज तक सरकार द्वारा पकड़े गए बिजली चोरी के मामलों की निर्वाचनक्षेत्र वार संख्या /ब्यौरा क्या है;

(ख) एल.एल.-1 जांच रिपोर्ट की प्रति तथा ऊपर वर्णित प्रत्येक चोरी के मामले का परिकलन पत्र उपलब्ध कराया जाए;

(ग) क्या ऊपर वर्णित एल.एल.-1 जांच रिपोर्टों तथा परिकलन पत्रों को सरकार विक्रय/ बिक्री परिपत्र संख्या डी- 21/ 2017 तथा डी- 43/2017 के अनुसार बनाया गया है; यदि नहीं, तो सरकार द्वारा दोषी/गलती करने वाले कर्मचारियों /अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) जिला नूंह के ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों से उपरोक्त चोरी के मामलों में पृथक-पृथक कितनी राशि एकत्रित की गई है; तथा

(ड) क्या सरकार एकत्रित राशि को वापिस करेगी जिसकी गलत गणना उपरोक्त एल.एल.-1 जांच रिपोर्टों तथा परिकलन पत्रकों में की गई है; यदि हां, तो उक्त राशि के कब तक वापस किए जाने की संभावना है; यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण की वर्तमान स्थिति

*43 **श्री सोमबीर ( दादरी):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी में चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## सामान्य पात्रता परीक्षा अभ्यर्थियों की आयु में छूट

*44 **श्रीमती किरण चौधरी ( तोशाम):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या सरकार ने सामान्य पात्रता परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को आयु में छूट देने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की, जबकि सीईटी की परीक्षा लेने से पहले इसके लिए आश्वस्त किया गया था; तथा

(ख) सरकारी एजेंसी द्वारा नियमों में बार-बार संशोधन करने के कारण क्या हैं;

(ग) उन अभ्यर्थियों की संख्या कितनी हैं जिन्हें परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अवसर मिलेगा जिनकी आयु उक्त परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी की लापरवाही की वजह

से अधिक हो चुकी है ?

----

## ट्रॉमा सैंटर खोलने के लिए

***45 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( कोसली):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) रेवाड़ी जिले के गुरावड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ट्रॉमा सैंटर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस विषय में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है ?

----

## सड़कों का निर्माण करना

***46 श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) रोहतक में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण के दौरान विस्थापित हुए दुकानदारों और निवासियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार द्वारा उनके पुनर्वास तथा मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए कोई नीति बनाई गई है; यदि हां, तो उपरोक्त विस्थापित हुए दुकानदारों को दुकानों का आवंटन किया गया है तथा इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा नए बाजार के साथ 15 फीट की सड़क बनाने की घोषणा की गई थी; यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त उद्देश्य के लिए भूमि को अधिगृहित किए बिना निविदा आमंत्रित करने के कारण क्या हैं ;

(घ) उपरोक्त 15 फीट की सड़क के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है; तथा

(ड) क्या यह तथ्य है कि गांधी कैंप पुराना बाजार के साथ पुराने रेलवे ट्रैक पर 30 फीट की सड़क प्रस्तावित है; यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## मालिकाना अधिकार प्रदान करना

***47 श्री ईश्वर सिंह (गुहला):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गुहला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 1952 से पंचायती जमीन पर खेती कर रहे पट्टेदारों तथा आबादकारों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) क्या इन पट्टेदारों को स्वामित्व अधिकार देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## न्यायाधीशों की कमी

***48 श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या मुख्यमंत्री राज्य की निचली अदालतों में न्यायाधीशों से संबंधित निम्न सूचना देने की कृपा करेंगेः-

(क) राज्य में न्यायालयों वार न्यायाधीशों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या राज्य के पास न्यायालयों में न्यायाधीशों की संख्या पर्याप्त है या राज्य में न्यायाधीशों की कमी है;

(ग) राज्य में न्यायालय मण्डल-वारअपेक्षित न्यायाधीशों की संख्या कितनी है; तथा

(घ) हरियाणा न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## घोषणाओं की कुल संख्या

***49 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) 15.05.2022 को यमुनानगर में यमुनानगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ख) ऊपर वर्णित भाग 'क' के अनुसार घोषणाओं की संख्या कितनी है जिन पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा उन घोषणाओं की संख्या कितनी हैं जिन पर कार्य आरंभ हो चुका है तथा उक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) उन घोषणाओं की संख्या कितनी है जिन पर कार्य अब तक आरंभ नहीं हुआ तथा उक्त कार्यों के कब तक आरंभ/पूरा किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## तालाबों का जीर्णोद्धार

***50 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगेः-

(क) क्या झज्जर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में निम्नलिखित तालाबों के नवीनीकरण, सफाई तथा मरम्मत के कार्यों का निष्पादन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः-

1. गांव गोरिया में बाबा नथु नाथ तथा शिव मंदिर के पास वाला जोहड़;
2. गांव अकेड़ी मदनपुर में इंदिरा कॉलोनी के पास;
3. गांव मुंडेहाड़ा हरजी वाला जोहड़;
4. गांव तालाब बगला चौपाल से पास गुई जोहड़;
5. गांव धाना में डुमा वाला जोहड़;
6. गांव खेड़ी खुमार में गांव के बीच में तालाब रामेश्वर ;
7. गांव छुछकवास मेन रोड पर खारियां जोहड़;
8. गांव भूरावास में प्राचीन तालाब;
9. गांव भदानी में सहरावत पाना का जोहड़;
10. गांव जौंधी में शिव मंदिर के पास वाला जोहड़; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## गंदे पानी की समस्या का समाधान करना

***51 श्री राम कुमार गौतम ( नारनौंद):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नारनौंद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बास की सभी चारों पंचायतों में गंदे पानी की समस्या का समाधान करने के लिए गांव बास की भूमि अधिग्रहण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## स्वीकृत कॉलोनियों की संख्या

***52 श्री सत्य प्रकाश ( पटौदी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) नगर निगम, मानेसर तथा नगर परिषद, पटौदी मंडी मे स्वीकृत कॉलोनियों की संख्या कितनी है;

(ख) स्वीकृत सम्पत्ति विस्तारित लाल डोरा के संबंध में उपरोक्त नगर निगम तथा नगर परिषद में विलय किए गए गांवों की स्थिति क्या है; तथा

(ग) 20.12.2020 से 30.06.2023 तक नगर निगम, मानेसर तथा नगर परिषद, पटौदी मंडी में स्वीकृत नक्शों की संख्या कितनी है ?

----

## सड़क को पुनः निर्मित करना

*53 **श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी की मुख्य सड़क बुरी अवस्था में है जबकि शहर से दिल्ली एवं हिसार की ओर जाने वाली उक्त सड़क चार मार्गी के रूप में निर्मित हो चुकी है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सड़क को पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक पुनः निर्मित किये जाने की संभावना है?

----

## अनियमित कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना

*54 **श्री सुरेन्द्र पंवार (सोनीपत):**

क्या शहरी स्थनीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) सोनीपत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनधिकृत कॉलोनियों की संख्या कितनी है तथा उक्त कॉलोनियों को कब तक नियमित किये जाने की संभावना है ;

(ख) उक्त कॉलोनियों को अनधिकृत घोषित किये जाने के आधार का ब्यौरा क्या है ; तथा

(ग) क्या उपरोक्त अनधिकृत कॉलोनियों में सीवरेज लाइन तथा पीने के पानी की पाइपलाइन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुलिस हिरासत में हुई मौतों की संख्या

*55 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) राज्य में 1 जनवरी, 2015 से 31 जुलाई, 2023 तक पुलिस हिरासत में मरने वाले व्यक्तियों का जिलावार तथा व्यक्तिगत-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त घटनाओं की जाँच करने वाले अधिकारियों के नाम क्या हैं तथा दोषियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

----

## किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराना

*56 **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि :-

(क) राज्य में बाढ़ के कारण कुल कितने एकड़ फसलें प्रभावित हुई ;

(ख) सिरसा जिले में बाढ़ के कारण कुल कितने एकड़ फसलें प्रभावित हुई ; तथा

(ग) क्या फसलों के नुकसान को वहन करने वाले किसानों को सरकार द्वारा मुआवजा दिए जाने की संभावना है तथा किस नियम के आधार पर मुआवजे की राशि निर्धारित की जाएगी तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## कचरा एकत्रित करने के लिए निविदाओं का ब्यौरा

*57 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) कालका नगर परिषद में घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए निविदाएं कब जारी की गई थी तथा इन निविदाओं के लिए कितने ठेकेदारों ने आवेदन किया था ;

ख) उस ठेकेदार का नाम व पता क्या है जिसे उक्त निविदा आवंटित की गई है ;तथा

ग) क्या उपरोक्त निविदाएं नगर परिषद के चेयरमैन की स्वीकृति से जारी की गई थी?

----

## ट्यूबवैल कनैक्शन जारी करना

*58 **श्रीमती रेणु बाला (साढौरा):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बतायेंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2019 से 2021 तक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा किसानों को डिमांड नोटिस जारी किया गया है जिसके परिणामस्वरूप किसानों द्वारा विभाग को 30-30 हजार रूपये जमा करवाए गए हैं परन्तु किसानों को अब तक ट्यूबवैल के कनैक्शन जारी नहीं किये गए; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त ट्यूबवैल कनैक्शन कब तक जारी किये जाने की संभावना है?

----

## ओपन एयर जिम के निर्माण के संबंध मे ब्यौरा

***59 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मे अप्रैल, 2022 से जुलाई, 2023 तक सरकार द्वारा कुल कितने ओपन एयर जिमों का निर्माण कार्य शुरू किया है तथा इनका खंड वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) उपरोक्त कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ; तथा

(ग) क्या यह तथ्य है कि असंध विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के कुछ खंडों में सरकार द्वारा ओपन एयर जिम का निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या है तथा उपरोक्त जिमों का निर्माण कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है?

----

## अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों का कार्य

***60 श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:- कनीना नगरपरिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 6 तालाबों का कार्य अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत कब तक शुरू किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**29 अगस्त, 2023.** **सचिव**